हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

13 भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने संकल्प...



14 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने किया...





## खबर संक्षेप

### सूने घर से जेवर एवं नगदी की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के गणेश पारा में एक सूने घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात द्वारा सोने के जेवर सहित नगदी रकम की चोरी कर ली गई है। प्रार्थी सुदन महानंद पिता जीवर्धन 55 वर्ष ने बताया कि मंगलवार को उनका परिवार किसी काम से कहीं और गए थे। इसी दौरान अज्ञात द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर अटैची में रखे एक नग सोने की बाली कीमती कीमती 1000 रुपए, दो नग सोने का लॉकेट 2000 रुपए और नगदी रकम 30000 रुपए कुल 33000 रुपए की चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

### घर के सामने से बाइक पार

**महासमुंद।** सरायपाली शहर के बुढ़ादेव नगर में दिलीप पटेल पिता हेमलाल 31 वर्ष के घर के सामने से दिनदहाड़े मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 06 वाय 2680 कमती 60000 रूपए की अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### स्कूल के सामने से दो युवती का अपहरण

**महासमुंद।** मंगलवार को आत्मानंद स्कूल तुमगांव के सामने से दो नाबालिग युवती का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक धनेश्वर यादव कोडार बांध और देव कुमार यादव अछरीडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी नाबालिग पुत्रियों को अज्ञात द्वारा आत्मानंद स्कूल के गेट के सामने से बहला फुसलाकर कहीं ले जाया गया है। जिस पर पुलिस ने दोनों ही मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

# चार माह का वेतन और कुकिंग कास्ट का भुगतान नहीं, बेमुद्दत हड़ताल आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाले स्वसहायता समूहों को चार माह का वेतन और कुकिंग कास्ट की राशि नहीं मिलने से बीते दो दिनों से काम बंद रखे रसोईएं द्वारा आज शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। छग महिला पुरूष रसोईयां महासंघ के बैनर तले जिले सहित पूरे प्रदेश के रसोईयों द्वारा अपनी मांग को लेकर राज्य स्तर पर भी प्रदर्शन किया जाएगा। इससे स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन प्रभावित होने की संभावना है।

बता दें कि जिले के 1310 प्रायमरी और 513 मिडिल स्कूलों में पीएम पोषण आहार योजना के तहत मध्यान्ह भोजन बनाने वाली स्व सहायता समूह के रसोईयों को वेतन और कुकिंग कास्ट की राशि चार महीने से नहीं मिली है। समूह की रसोईयों को चावल के अलावा बाकी सभी जरूरी सामान खरीदना पड़ता है। इसमें तेल, नमक, मसाला-मिर्च से लेकर अन्य जरूरी सामान शामिल है। सब्जी और दाल भी इसी पैसे लेना पड़ता है। लेकिन, चार महीने से कुकिंग कास्ट की राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। इधर, शुक्रवार से हड़ताल पर जाने की चेतावनी के बाद जिले के सभी बीईओ द्वारा स्कूलों में मध्यान्ह भोजन को सुचारू रूप से जारी रखने वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिया गया है।

## रसोइयों की हड़ताल में जाने से स्कूलों में प्रभावित होगी मध्यान्ह भोजन

### उधार देने भी कर रहे मना

महिलाओं द्वारा कुछ दिनों तक बाजार से उधार में सामान खरीदकर भोजन पकाया जा रहा था। लेकिन, दुकानदार भी सामान देने से मना कर रहे हैं। इधर, गुरूवार को स्व सहायता समूह द्वारा बीईओ दफ्तर का घेराव कर चार माह का वेतन दिलाने की मांग की गई। इस दौरान राधा साहू, आरती साहनी, कौशिल्या प्रधान, चम्पा बाई, मालती बाई, गोमती साहू, शैल साहू मौजूद रहें।



### आज से रहेंगे हड़ताल पर

मध्यान्ह भोजन रसोईयां महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलू ओगरे ने बताया कि चार माह से वेतन नहीं मिलने और कुकिंग कास्ट की राशि का भुगतान नहीं होने के कारण स्व सहायता समूह को मध्यान्ह भोजन संचालन करने में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। बार-बार ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते शुक्रवार से महासंघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

## कार्रवाई : कोतवाली पुलिस और साइबर सेल को मिली बड़ी सफलता

# घूम-घूमकर करते थे वाहनों की चोरी 13 मोटरसायकिल जब्त, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोतवाली पुलिस और सायबर सेल को मोटर सायकल चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली है। चोरी की मोटर सायकल को बेचने के फिराक में घूम रहे एक आरोपी की निशानदेही पर पांच और आरोपियों को पकड़ा गया। सभी आरोपी महासमुंद शहर के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से कुल 13 नग मोटर सायकल जब्त किया गया, जो वे घूम-घूमकर शहर सहित आसपास के गांवों से चोरी किए रहें।

सायबर सेल टीम को शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि फिरोज उर्फ जावेद वार्ड नम्बर 04 नयापारा महासमुन्द चोरी की मोटर सायकल बिक्री करने ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर कोतवाली और सायबर सेल की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदेही फिरोज उर्फ जावेद को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अन्य साथी गोलू, फिरोज, अब्दुल, भैरूनाथ, तुलसी एवं शाहिल एक साथ मिलकर महासमुंद क्षेत्र के सिद्ध बाबा कोसरंगी बागबाहरा रोड़, शंकर नगर महासमुंद, घोड़ारी, सुमीत बाजार के पास से, परसकोल रोड़, मोंगरा, रेल्वे स्टेशन के पास से, अमृत ज्वेलर कांग्रेस चौक के पास से, खरोरा राइस मिल के पास से, जिला अस्पताल महासमुंद, सोरिद रोड़ महासमुंद से विभिन्न कम्पनियों की मोटर सायकल को चोरी करना व चोरी के मोटर सायकलों को अपने-अपने घर में रखना बताया। सभी संदेहियों को तलाश कर पकड़ा गया।



### 13 बाइक जब्त, आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज

आरोपी फिरोज उर्फ जावेद पिता हासिम खान 24 साल नयापारा महासमुन्द की निशानदेही पर एक नग साईन मोटर सायकल, दो नग डिस्कवर, एक नग एक्टिवा, गोलू उर्फ युवराज पिता राजू यादव 20 साल नयापारा महासमुन्द से एक नग हीरो होण्डा एसएस, एक नग एक्टिवा, एक नग सुपर एक्सेल, फिरोज खान पिता अब्दुल इशाद खान 25 साल नयापारा महासमुन्द से एक नग पल्सर मोटर सायकल, भैरूलाल पिता भगवती लाल लोहार 21 साल गुडरूपारा महासमुन्द से एक नग होण्डा लिवो, एक नग एचएचएफ डिलक्स, तुलसीराम पिता नारायण लाल लोहार 21 साल गुडरूपारा महासमुन्द से एक नग सुपर स्पलेण्डर मोटर सायकल, साहिल कुरैशी पिता करीममुल्ला कुरैशी 22 साल नयापारा महासमुन्द से एक नग पैशन प्रो, एक नग पल्सर को संयुक्त कब्जे से 13 नग मोटर सायकल कुल जुमला किमती 7 लाख 50 हजार रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 41(1+4) जाफौ, 379 भादवि के तहत कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई में ये शामिल

इस कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी मंजू बाज के निर्देशन में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक मोनिका श्याम, बीआर सिन्हा, सिद्धार्थ मिश्रा, प्रकाश नंद, सौरभ तोमर, छत्रपाल सिन्हा, कामता आंवडे, अजय जागड़े, विजय जांगड़े, लाला राम कुर्रे शामिल रहे।

## 174 क्विंटल धान का अवैध परिवहन करते कंटेनर सहित दो लोग पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा प्रांत से कंटेनर में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए बसना पुलिस द्वारा दो लोगों को पकड़ा गया। दोनों आरोपी महाराष्ट्र के बताए जा रहे हैं, जिनके पास धान परिवहन को लेकर किसी प्रकार दस्तावेज नहीं पाया गया। आरोपियों के कब्जे से कंटेनर में भरे हुए 174 क्विंटल धान जब्त कर धारा 102 जाफौ के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा ओडिशा राज्य की ओर से अवैध धान परिवहन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी सरायपाली अभिषेक केसरी के निर्देशन में गुरूवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा राज्य से बसना की ओर पलसापाली बेरियर होते हुए जिले की ओर अवैध धान लिए कंटेनर वाहन क्रमांक एमएच 04 बीजी 9953 आ रहा है। सूचना पर पलसापाली बेरियर में पुलिस की तैनाती की गई। कुछ समय बाद एक कंटेनर आता हुआ दिखा, जिसे रोककर वाहन के चालक व उनके साथी से नाम पता पूछने पर अपना नाम किशोर गोरले पिता सदाराम गोरले 46 साल निवासी माहुरझरी जिला नागपुर एवं निलेश पाटिल पिता अशोक 36 साल निवासी कलमेश्वर जिला नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताया गया। उक्त वाहन की जांच करने पर कंटेनर के अंदर कुल 380 नग बोरी में भरी हुई धान कुल 174 क्विंटल, कीमती 3,79,842 रुपए को परिवहन करते मिला। मौके पर उनके द्वारा किसी प्रकार दस्तावेज नहीं पाया गया। जिस पर परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर कीमती 20 लाख रुपए व धान 3,79,842 रुपए कुल जुमला कीमती 23,79,842 रुपए की जब्ती की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बसना निरीक्षक आशीष वासनिक, प्रधान आरक्षक संतोष यादव, आरक्षक नरेश बरिहा, गुणमणी साहू, सैनिक वेदप्रकाश मिश्रा एवं थाना बसना स्टाफ का योगदान रहा।

# जमीन संबंधी पुराने मामले में कोर्ट के आदेश के बाद धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जमीन के पुराने मामले में न्यायालय के आदेश के बाद तुमगांव रोड निवासी ललित कुमार के खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी और दस्तावेज में कूटरचना करने का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी ग्राम खरोरा निवासी विशाल चंद्राकर पिता स्व फिरतु राम 76 वर्ष के नाम पर ग्राम खरोरा में खसरा नंबर 1319 रकबा 0.01 हेक्टेयर भूमि स्थित है, जो उनकी पैतृक संपत्ति है। उक्त भूमि पुराना खसरा नंबर 328/1 का भाग है। पास ही खसरा नंबर 1320 रकबा 0.03 हेक्टेयर भूमि भी है, जो पूर्व में 328/1 का टुकड़ा था, जिसे खसरा नंबर 1320 में परिवर्तित किया गया। उक्त भूमि गोरेलाल पिता चंदूलाल चंद्राकर के नाम पर दर्ज रहीं, जिसे 31 अक्टूबर 2002 को भंवर लाल चंद्राकर पिता चंदूलाल और नत्थू लाल साहू पिता राम खिलावन द्वारा क्रय किया गया था।



बाद उसने भी उक्त भूमि को ललित कुमार को बेच दिया गया। लेकिन, ललित द्वारा राजस्व अफसरों से सांठगांठ कर वर्ष 2004-05 खसरा नंबर 1320 की भूमि का क्षेत्रफल 5720 वर्ग फीट बताकर उसका डायवर्सन करा लिया गया। जबकि, उसके द्वारा क्रय किए गए उक्त भूमि का वास्तविक क्षेत्रफल 3229 वर्गफीट होता है, जिसे दो भागों में बांटकर बेच दिया गया है। जिसे प्रार्थी विशाल चंद्राकर द्वारा न्यायालय में परिवादवाद पेश किया। इस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाया गया। जिसके बाद कोतवाली थाना में ललित कुमार पिता जीवन लाल निवासी तुमगांव रोड महासमुंद के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों को पीएम जनमन योजना का लाभ पहुंचाने लगा 21 शिविर, 192 आधार कार्ड और 382 आयुष्मान कार्ड बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत ऐसे समुदायों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। शिविर में सेल्फी पॉईंट बनाया गया है, जहां लोग शिविर में अपनी उपस्थिति को यादगार बना रहे हैं।

कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ एस आलोक के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु अभी तक जिले में 21 शिविरों का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा शेड्युल निर्धारित कर पीव्हीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इन शिविरों में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम खड़सा में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पीढ़ी, मोहकम, अचानकपुर, बासकुड़ा एवं जलकी के कमार बसाहटों में शिविर का आयोजन किया गया। खरसा के शिविर में 43 आधार कार्ड, 76 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वहीं स्वास्थ्य परीक्षण अंतर्गत विशेष टीबी और सिकल सेल परीक्षण व स्वास्थ्य परीक्षण 71 कमारों का किया गया। जनधन खाता हेतु 08, राशन कार्ड के लिए 03, उज्ज्वला गैस के लिए 29, सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत 02 बैंक खातों के लिए पंजीयन किया गया। इस तरह यहां लगभग 130 कमारों को लाभ मिला। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अभी तक 21 शिविरों का आयोजन किया गया है।



### 1700 से अधिक हितग्राही हुए लाभान्वित

अब तक आयोजित शिविर के माध्यम से 192 आधार कार्ड और 382 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 35 किसानों का पंजीयन किया गया। 29 नए राशन कार्ड बनाए गए तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत 77 नए बैंक खाते के लिए फॉर्म भराए गए। 59 जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। मौके पर ही 144 कमार परिवारों को राशन कार्ड दिए गए। उन्होंने बताया कि इन कैम्पों में लगभग 1700 से अधिक विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राही शामिल हुए।

## मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रावधानों में जुर्माना की राशि में कई गुणा वृद्धि

**ट्रैफिक का नया कोड एवं नया फाइन**

| क्र. सं. | नियम | नया कोड | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | नियम हेलमेट (पिछला व्यक्ति) | 5279 | 1000 |
| 2 | बिना हेलमेट (अगला व्यक्ति) | 5382 | 1000 |
| 3 | बिना नम्बर प्लेट | 5288 | 500+2000 |
| 4 | काला शीशा | 5290 | 500+2000 |
| 5 | बिना सीट बेल्ट | 5308 | 1000 |
| 6 | सरकारी आदेश की अवहेलना | 5344 | 2000 |
| 7 | नो पार्किंग | 5316 | 50+2000 |
| 8 | बिना लाइसेंस | 5332 | 5000 |
| 9 | नाबालिग के साथ गाड़ी का परिचालन | 5639 | 25000 |
| 10 | हल्के मोटर वाहन द्वारा ओवर स्पीडिंग | 5629 | 2000 |
| 11 | वायु प्रदूषण | 5558 | 10000 |
| 12 | खतरनाक तरीके से वाहन चलाना | 5336 | 5000 |
| 13 | गलत दिशा में चलाना / गलत यू टर्न / वन वे में प्रवेश | 5960 | 5000 |
| 14 | सिग्नल नहीं होना | 5961 | 5000 |
| 15 | ट्रैफिक सिगनल नहीं मानना | 5957 | 5000 |
| 16 | स्टॉप लाईन से आगे बढ़ना | 5958 | 5000 |
| 17 | गाड़ी चलाते समय मोबाईल पर बात करना | 5959 | 5000 |
| 18 | बिना इंश्योरेंश | 6044 | 2000 |
| 19 | ट्रिपल सवारी | 6003 | 1000 |
| 20 | | | |

# नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावक पर लग सकता है 25 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मोटर वाहन अधिनियम में बदलाव होने के बाद सड़क सुरक्षा नियम के प्रावधान भी कड़े कर दिए जाएंगे। जिसमें ट्रेफिक नियमों तथा जुर्माना चालान को कई गुणा बढ़ा दिया गया है। नई मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों को पहले की अपेक्षा दोगुणा या उससे अधिक जुर्माना भरना होगा। नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावक को अधिकतम 25 हजार तक जुर्माना भरना पड़ सकता है।

इस अधिनियम का एक मात्र उद्देश्य लोगों को यातायात के नियम अपनाने के प्रति जागरूक करना, ताकि आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना से मृत्यु दर में कमी लाना जा सकें। लोग यातायात के नियमों का उल्लंघन न करें, इसके लिए उन पर लगने वाले जुर्माना में लगभग 10 गुना तक वृद्धि कर दी गई है। नए कानून के तहत ड्राइविंग लाइसेंस नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने पर एक हजार से दो हजार रूपए तक का जुर्माना लगेगा।

सड़क सुरक्षा नियम के तहत अगर कोई नाबालिक को गाड़ी चलाते हुआ पकड़ा गया तो उसे 25 हजार रुपये तक का जुर्माना भरना होगा और उसकी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा। सड़क सुरक्षा नियम के अंतर्गत अब जो लोग ड्राइविंग करते समय मोबाइल पर बात करने वाले, ट्रैफिक जम्प करने वाले, गलत दिशा में ड्राइव करने वाले, खतरनाक ड्राइविंग करने वाले और बेवजह ट्रैफिक जाम करने वालों को भारी जुर्माना देना होगा।

### हार्ड कॉपी रखने की जरूरत नहीं

नए मोटर वाहन नियम, जिसका उद्देश्य यात्रियों का जीवन सुरक्षित बनाना है। नए संशोधन बिल शारीरिक रूप से दस्तावेजों को ले जाने से जाने आदि से संबंधित है। अब नए नियम के तहत अपने ड्राइविंग लाईसेंस, आरसी, परमिट, पीयूसी या अन्य दस्तावेज अपने पास रखने की जरूरत नहीं है। लेकिन इन दस्तावेजों की डिजिटल कॉपी अपने स्मार्टफोन पर रखनी होगी।

### बीईओ वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा

**महासमुंद।** दो दिन पूर्व मंगलवार को अपनी कार से दूसरी कार को टक्कर मारने तथा वायरल वीडियो में शराब के नशे में पाए जाने पर बागबाहरा बीईओ कौशल कुमार वर्मा का जांच प्रतिवेदन को संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भेजा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संचालक को भेजे गए जांच प्रतिवेदन में कौशल कुमार वर्मा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा को आरंग जिला रायपुर के समीप नेशनल हाईवे में चालक के साथ शराब के नशे मे थे और अनुपम त्रिपाठी महासमुन्द के फोर्ड इकोस्पोर्ट कार को टक्कर मारा गया । कौशल कुमार वर्मा (मूल पद व्याख्याता) का कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है। अतः संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की गई है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### दो घर से सात लीटर शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना थाना में मुखबिर की सूचना पर दो लोगों के घर में छापा मारकर 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक बोधन डडसेना पिता स्व मंगलू ग्राम चिर्राचुंआ के घर में छापा मारा गया, जहां से 4000 एमएल महुआ शराब बरामद किया गया। इसी प्रकार ग्राम बिटांगीपाली के आशीष साहू पिता मनहरण के घर में अवैध रूप से रखे 3000 एमएल महुआ शराब जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की है।

### मीसा बंदियों का सम्मेलन 10 को, सीएम होंगे शामिल



**रायपुर।** मीसा बंदियों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। लोकतंत्री सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि 10 जनवरी को वृंदावन हाल रायपुर में आयोजित समारोह में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद कैलाश सोनी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि भूपेश सरकार ने मीसा बंदियों की सम्मान निधि और अन्य सुविधाएं बंद कर दी थीं। मीसा बंदिया की सम्मान निधि शुरू करने के संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देया दिए हैं कि इसे प्रारंभ करने की कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने वित्तमंत्री ओपी चौधरी को भी इस संबंध में बजट में प्रावधान करने कहा है।

### शारदा चौक में श्रीराम की चरण पादुका का स्वागत



**रायपुर।** शिवसेना रायपुर जिला इकाई ने श्रीलंका से आई भगवान श्रीराम की चरण पादुका का शारदा चौक में स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार को स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार आशीष परिडा नेतृत्व में समस्त शिवसैनिकों ने फूल माला तथा पटाखों से भव्य स्वागत किया। शिवसेना नेता आशीष परिडा ने बताया कि यह प्रभु श्रीराम की चरण पादुका श्रीलंका से रामवनगमन पथ होते अयोध्या जाएगी, जिसका प्रत्येक राज्य में युवाओं, हिंदू संगठनों की ओर से स्वागत किया जा रहा है। कार्यक्रम में विकास ठाकुर, संतोष शुक्ला, संजय सोनकर, राकेश यदु, संजू साहू, नरेंद प्रजापति, नरेश चंद्रवंशी, अमर नायक, किशन साहू, गिरिराज देवांगन, चांद यादव, रोहित विश्वकर्मा एवं सैकड़ों शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# एक्सीडेंट में टेढ़ा हो गया था बच्चे का पैर, डाक्टरों ने इलाज कर लौटाया आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बचपन के हादसे में मिला जख्म तो भर गया मगर उसकी वजह से दाहिने पैर का विकास रुक गया। घुटना मोड़कर एक तरह से घिसटते हुए चलना मासूम की मजबूरी हो गई थी। डीके अस्पताल में इलीजारोव पद्धति से बच्चे का आत्मविश्वास लौटा और वह खड़ा हुआ। जल्द ही होने वाली सर्जरी के बाद वह अपने दोस्तों के साथ दौड़ने लायक भी हो जाएगा।

जानकारी के मुताबिक समीर नामक इस बच्चे को चिरायु टीम इलाज के लिए डीकेएस हास्पिटल लेकर आई थी। जांच के दौरान पता चला कि समीर जब छह साल का था, तो एक हादसे में उसका दाहिना पैर बुरी तरह जख्मी हो गया था। उस दौरान किए गए इलाज से उसका जख्म तो भर गया था, मगर घुटने से पैर का विकास रुक गया था और वह टेढ़ा हो गया था। एक पैर की लंबाई नहीं बढ़ने के कारण उसे दूसरा पैर भी घुटने से मोड़कर चलना पड़ता था। इसकी वजह से वह अपने दोस्तों के साथ खेलकूद नहीं पाता था। डीके अस्पताल में पदस्थ बच्चों के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रमन श्रीवास्तव ने बताया कि उसके इलाज के लिए इलीजारोव पद्धति अपनाई गई। इसकी मदद से बच्चा सामान्य तरीके से खड़ा होने को तैयार हुआ और चलने लगा। बच्चे की दूसरे दौर में तीन महीने बाद पैरों की लंबाई बढ़ाने के लिए सर्जरी की जाएगी, जिसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ दौड़ भी लगा सकेगा।

## रुक गया था दाहिने पैर का विकास, घुटने मोड़कर चलना मजबूरी थी

### निजी अस्पताल में होता लाखों खर्च

पैरे के टेढ़ा होने की समस्या का इलाज कराने समीर के परिवार को निजी अस्पताल में तीन से पांच लाख रुपए तक खर्च करने पड़ते। मजदूर परिवार द्वारा इतनी बड़ी रकम की व्यवस्था करना मुमकिन नहीं था। डीके अस्पताल के उपअधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा की मदद से आयुष्मान योजना के तहत उसे निशुल्क इलाज की सुविधा मिली।


इलाज के पहले


इलाज के पहले

### होती थी शर्मिंदगी

समीर के घुटने मोड़कर चलने की वजह से साथी बच्चे उसे चिढ़ाने लगे थे, जिसे सुनकर उसके माता-पिता को शर्मिंदगी महसूस होने लगी थी। समीर के भविष्य को लेकर भी उन्हें चिंता सताने लगी थी, क्योंकि बिना मदद के वह अपना नियमित काम भी नहीं कर पाता था। इलाज के पहले दौर में पूरी तरह स्वस्थ होने पर उसका आत्मविश्वास लौटा है।

## तैयारी : भाजयुमो पदाधिकारियों की मण्डल सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में जुटने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला भाजपा कार्यालय में भाजयुमो महासमुंद के पदाधिकारियों की एक दिवसीय मंडल सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला हुई। कार्यशाला का प्रारम्भ भारत माता, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण करके किया गया। तत्पश्चात कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रस्तावना उदबोधन में भाजयुमो जिला अध्यक्ष जसराज बाला चन्द्राकर ने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने पर युवा मोर्चा पदाधिकारियों को बधाई देते हुए जीत का श्रेय सभी कार्यकर्ताओं को दिया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजयुमो जिला प्रभारी सत्यप्रकाश सिन्हा ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अभी से लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाए। प्रत्येक बूथों पर जाकर नवमतदाताओं से



सतत संपर्क बनाते हुए फिर से देश में भाजपा सरकार बनाने के लिए कार्य करें।

इसी कड़ी में भाजयुमो जिला सहप्रभारी सिंद्धान्त शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नमो एप्प के माध्यम से युवाओं को मोदी सरकार की सफ़लतापूर्वक 10 वर्षों के उपलब्धि को बताएं तथा विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए प्रेरित करें। कार्यशाला में अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश पदाधिकारी स्वप्निल तिवारी, अजय नायक, विकास चंद्राकर, प्रकाश पटेल, हनी गंभीर भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में मंच संचालन जिला महामंत्री अमन वर्मा एवं आभार व्यक्त जिला उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने किया।

भाजयुमो के कार्यशाला में प्रमुख रूप से भाजयुमो जिला प्रभारी सार्यप्रकाश सिन्हा, जिला सह प्रभारी सिद्धांत शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, हनी गंभीर, अजय नायक, डॉ. प्रकाश पटेल, विकास चंद्राकर, नूतन धृतलहरे, भाजयुमो जिला महामंत्री अमन वर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू, दीपेश मिश्रा, विजय नायक, नितिन जैन, बिरसिंह निषाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, मनीराम निषाद, धर्मेंद पटेल, अरविंद मिश्रा, पूनम निषाद, भुनेश्वर लोधी, नारायण तांडी, श्रीकांत शर्मा, महेंद्र गुप्ता, युवराज सिंह, डेविड चौधरी, खुशाल ठाकुर, जतिन रुपरेला, आकाश पांडे, कौशल साहू, मिथलेश साहू, आयुष दुबे व भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।।

## राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन स्पर्धा में जिले से 2 खिलाड़ियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

69 वीं सीनियर राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन स्पर्धा के लिए जिले से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें महिला वर्ग से लक्ष्मी चंद्राकर और पुरुष वर्ग से मुरली सिंह राजपुरोहित शामिल है। वहीं महिला कोच के रूप में हर्षिता साहू का चयन किया गया है।

स्पर्धा में जाने से पूर्व गुरुवार को खिलाड़ियों ने अधिकारी व सीनियर खिलाड़ियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग से मुलाकात की। नपाध्यक्ष महिलांग ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामाना की। उन्होंने खिलाड़ियों से उक्त स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर जिला, शहर और माता-पिता के साथ गुरुजनों का नाम रोशन करने की अपील करते हुए उनका हौसला भी बढ़ाया। राष्ट्रीय 69वीं सीनियर राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन स्पर्धा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 6 से 10 जनवरी तक आयोजित है, जिसमें भाग लेंगे। उक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन कोरबा जिले में आयोजित 23वीं राज्य स्तरीय सीनियर बाल बैडमिंटन स्पर्धा में हुआ। उक्त स्पर्धा बीते 25 से 27 दिसंबर तक कोरबा जिले में हुई। स्पर्धा में राज्य के पुरुष वर्ग से 18 व बालिका वर्ग से 12 टीमें शामिल हुई। मुलाकात के दौरान जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ सहसचिव अंकित लूनिया, तन्मय लूनिया, नरेश चंद्राकर, मोबीन कुरैशी, राकेश थवाईत, तारिणी चंद्राकर, सेवन दास मानिकपुरी, गिरिश साहू, लोकेश साहू, अविनाश कुशवाहा, प्रभात सेठ, भूषण साहू, गजेंद्र यादव मौजूद रहे।

## शैक्षणिक भ्रमण के लिए मदकू द्वीप गए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संस्था की अनुभवी प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी एवं शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी शिक्षक नंदकुमार साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संस्था के 21 स्टाफ तथा 90 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए मदकू दीप, देवरानी जेठानी मंदिर, मुंगेली माता मंदिर पहुंचे। संस्था की प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इससे बच्चों के अंदर शैक्षणिक, बौद्धिक एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी का विकास होता है। वही शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी शिक्षक नंदकुमार साहू ने मदकू दीप के बारे में बताया कि मदकू दीप जिला मुंगेली में पड़ता है। यह शिवनाथ नदी की धारा को दो भागों में विभक्त होने से दीप के रूप में प्राकृतिक सौंदर्य परिपूर्ण अत्यंत प्राचीन रमनीय स्थान है। यहां पर दो शिलालेख ब्राह्मी शिलालेख और शंख लिपि शिलालेख का उल्लेख है। यहां ऋषि मांडक्यू की रचना मुंडको उपनिषद रचना किया था। जिसकी रचना श्लोक सत्यमेव जयते से हुआ, जो भारत का राष्ट्रीय



आदर्श वाक्य है। यहां कुल 6 शिव मंदिर और 11 स्पातृलिंग है। यहां हर साल फरवरी महीने में ईसाइयों का मेला लगता है। संस्था प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि देवरानी जेठानी मंदिर शरभ पुरीया वंश के शासक राज प्रसाद के दो रानियो ने कराया। यह बिलासपुर से 29 किलोमीटर दूर मनिहारी नदी की तट पर ताला क्षेत्र में अमीरी कापा नामक गांव में स्थित है। इस मंदिर की जानकारी 1878 में मेजर जनरल कनिंघम की सहयोगी जेडी वांगलर ने दिया था। यही चौथी और पांचवी शताब्दी के मंदिर है। मंदिर में 7 फीट की ऊंचाई और 4 फीट की चौड़ाई वाली एक अद्भुत प्रतिमा है। इसका वजन लगभग 8 टन है। यह 1500 साल पुराना है। प्रतिमा के सिर के चारों ओर सांप लपेटे हुए हैं जो पगड़ी की तरह दिखाई देते हैं। यह मंदिर भगवान शिव की प्रतिमा को समर्पित है।

कार्यक्रम में शिक्षक गण कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य) ,नंदकुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, लोकेश चंद्राकर, जितेन्द्र चक्रधारी, ऋषभ साहू, चौलेंद्र भोई, पोखराज ध्रुव, गरिमा साहू, चित्रलेखा साहू, बसंती यादव, योगिता महाकुर, विद्या सिन्हा, अनीता पिल्लई, जय श्रीवास्तव, सुनीता साहू, संजू पारेश्वर, योगिता कनौजे, मीनाक्षी पांडे, डिगेशश्वरी चक्रधारी, सविता महंती, गौरी साहू, गायत्री साहू, भारती साहू आदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी संस्था की वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में विविध कार्यक्रम, विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विकासखण्ड के ग्राम जगत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बसना विधानसभा नवनिर्वाचित विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल सम्मिलित हुए तथा लाभार्थियों से आत्मीय संवाद कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा किए। विकसित भारत संकल्प यात्रा,समृद्ध व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की यात्रा है, जिसका लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गरीब से गरीब व्यक्ति तक पहुचांना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी रथ ग्राम जगत पहुंची।



कार्यक्रम में विधायक डॉ. अग्रवाल ने संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में ग्रामीणों की आवास संबंधी आवेदन, राशनकार्ड संबंधी आवेदन, कृषि संबंधी आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देशित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार दिया गया। विधायक डॉ. अग्रवाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग की जानकारी लेते हुए शिविर में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ विभागों से योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किये। सभी ग्रामवासियों ने भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, जनपद सदस्य देवकुमारी पटेल, सरपंच स्वराज साहू, जनपद पंचायत बसना सीईओ सनत महादेवा, बसना तहसीलदार नमीता मारकोले, जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, विकास वाधवा, निर्मलदास, कामेश बंजारा, आकाश सिन्हा, मोहित पटेल, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार, देवकी चौधरी, पुर्णानंद मिश्रा, पंचगण, विकासखण्ड स्तरीय विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# प्रतियोगिता: छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महका देव संस्कृति स्कूल परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी शिक्षिका गरिमा साहू के मार्गदर्शन में व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के छाया चित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मिडिल विभाग से जानवी साहू, हर्षिता पटेल, लतिका कश्यप, योग माया गोस्वामी, पल्लवी साहू, टिंकी साहू, साधना देवांगन, तनु ढीमर, उर्वशी ध्रुव तथा हाईस्कूल विभाग से डाली साहू, सुमन देवांगन, नेहा साहू, सरोज निषाद, विनीता सिंन्हा, सुमित्रा साहू ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाकर विभिन्न प्रकार की पकवान अरसा, सोहारी, फरातील, गुजिया, चौसेला, अईरसा, बिजोरी, दूधफरा, साबूदाना, बड़ा, बोबरा, गुलगुला, डुबकी एवं इड़हर सब्जी तथा विभिन्न प्रकार की चटनी इत्यादि व्यंजनों को छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विभाग से प्रथम डाली साहू तथा दूसरा सरोज निषाद, मिडिल विभाग से प्रथम योग माया गोस्वामी तथा दूसरा स्थान पल्लवी साहू को मिला। प्रथम स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को संस्था के प्राचार्य एवं अध्यक्ष द्वारा नगद राशि का पुरस्कार दिया गया। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपने उद्बोधन कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को बाजार की समझ व लेन-देन की प्रक्रिया की जानकारी देना था। वहीं संस्था अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि विद्यार्थी को अपनी छत्तीसगढ़ी व्यंजन के स्वाद एवं विधि से परिचित कराना है। फास्ट फूड के प्रति उनका आकर्षण बढ़ रहा है। जबकि, छत्तीसगढ़ी व्यंजन का निर्माण कम सामग्री से निर्मित होने के कारण साथ-साथ पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है। अपनी स्वदेशी व्यंजनों में अपने पन के मिठास के साथ सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में संस्था के समस्त स्टाफ कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), नंद कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, लोकेश चंद्राकर, जितेन्द्र चक्रधारी, ऋषभ साहू, चौलेंद्र भोई, पोखराज ध्रुव, गरिमा साहू, चित्रलेखा साहू, बसंती यादव, योगिता महाकुर, विद्या सिन्हा, अनीता पिल्लई, जयश्री श्रीवास्तव, सुनीता साहू, संजू पारेश्वर, योगिता कनौजे, मीनाक्षी पांडे ,डिगेशश्वरी चक्रधारी, सविता महंती, गौरी साहू, गायत्री साहू, भारती साहू आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी संस्था की वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

# युवक की लात-घूंसों से पिटाई का वीडियो वायरल, बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने में एक युवक ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अकारण मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित युवक घटना में शामिल एक युवक को पहचानने की बात कह रहा है, जबकि पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया है। घटना धरमनगर की है। युवक के साथ मारपीट की घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बदमाश युवक की पेल्ट, बांस के डंडे तथा लात-घूंसों से पिटाई कर रहे हैं। घटना चार दिन पुरानी 31 दिसंबर की रात की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक डूंडा निवासी सौरभ उर्फ साहिल यादव ने मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सौरभ ने पुलिस को बताया है कि धरमनगर में कुछ लड़के उसके पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाश सौरभ के साथ मारपीट करने लगे। सौरभ के अनुसार वह अपने एक दोस्त के साथ धरमनगर गली के अंदर घुसा, इसी दौरान बदमाश उसके पास पहुंचे और मारपीट की।

## गौरव पथ के घटिया निर्माण पर भड़कीं सरायपाली विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर में निर्माणाधीन गौरव पथ का नवनिर्वाचित विधायक चातुरी नंद ने निरीक्षण किया और गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर वे नगर पालिका के सीएमओ पर भड़क गई। उन्होंने तत्काल काम बंद कर गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया को बताया कि निर्माणाधीन गौरव पथ में गुणवत्ता की शिकायत लगातार आम जनता द्वारा की जा रही थी। जिसके बाद औचक निरीक्षण किया गया, जहां भारी अनियमितता पाई गई। मौके पर उपस्थित इंजीनियर, सीएमओ को काम बंद कर फिर से गुणवत्तापूर्ण काम के साथ शुरू करने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता और नगर पालिका के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### तुमगांव में रोज निकाली जा रही प्रभातफेरी

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अयोध्या रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा राम टोली द्वारा प्रतिदिन नगर के सभी वार्डों में सुबह प्रभातफेरी निकाली जा रही है। श्रीराम के नारे के जयघोष से नगर को राममय किया जा रहा है। रामटोली द्वारा राम मंदिर में एकत्रित होकर सभी राम टोली के सदस्य नगर में गाजे बाजे के साथ राम नाम का गुणगान कर 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सभी नगरवासियों को घरों में भगवा ध्वज, असख्य दीप प्रज्वलित कर दीपाली उत्सव के रूप में मनाने की अपील की जा रही है। साथ ही अयोध्या से आए अक्षत पत्रक रामचित्र निमंत्रण दिया जा रहा है।

### समस्या का निराकरण नहीं तो करेंगे बिजली दफ्तर घेराव

**महासमुंद।** तुमगांव नगर व क्षेत्र में हो रही अनियमित बिजली कटौती और लो वोल्टेज को लेकर तुमगांव सिरपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने विद्युत विभाग के अधिकारी से मिलकर इस समस्या का जल्द निराकरण करने ज्ञापन सौंपा गया। निराकरण नही होने की स्थिति में दफ्तर घेराव व आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें कि तुमगांव क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान है। दिन और रात में अनेक बार बिजली कटौती की जा रही है। वहीं लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इसे लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों को न तो दिन और न ही रात में बिजली मिल रही है। इस वर्ष बिजली के जर्जर पुराने तारों के टूटने, ट्रांसफार्मरों के जलने के बाद तय समय सीमा में न बदले जाने की समस्या आरंभ हो गई, जो अब गंभीर रूप ले चुकी है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इससे पूरे आमजन में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने कहा कि इस समस्या का समाधान नहीं होने पर बिजली दफ्तर का घेराव किया जाएगा।

## आयोजन: स्टॉल का अवलोकन कर ली योजनाओं की जानकारी

# भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने संकल्प यात्रा का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार के संयुक्त सचिव अमिताभ कुमार शाह दो दिवसीय दौरे पर महासमुंद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचकर हितग्राहियों से रूबरू होकर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने शिविरों में लगे स्टॉल का अवलोकन करते विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा की। शाह बुधवार को महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बेलटुकरी, अछोला तथा गुरुवार को बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लमकेनी में आयोजित शिविर का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू एवं जनपद सीईओ मिषा कोशले मौजूद थे।



शाह ने शिविर में मोदी की गारंटी वाली प्रचार रथ का भी अवलोकन किया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने बताया कि जिले में निर्धारित रूट के अनुसार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जो आगामी 26 जनवरी तक चलेगा। शिविरों में उज्ज्वला योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को फॉर्म भरवाए जा रहे हैं एवं उसका लाभ दिलाया जा रहा है। इसी तरह आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड भी शिविर के दौरान ही बनाए जा रहे हैं। शाह ने स्टॉल अवलोकन के दौरान विभिन्न हितग्राहियों से चर्चा भी की। ग्राम लमकेनी में उड़ान महिला समूह के मानमोती से चर्चा की और उनके बैंक लिंकेज, लाभ, उत्पादन आदि की विस्तार से जानकारी ली। मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत समूह की मानमोती ने बताया कि उन्हें प्रतिमाह लगभग 12 से 15 हजार रुपए की आमदनी होती है। बैंक से उन्हें एक लाख रुपए का ऋण भी मिला है।

इसी तरह ग्राम बेलटुकरी में डेरहिन कोशले ने बताया कि उनको पहले डिलिवरी के लिए निजी अस्पताल जाना पड़ा लेकिन आयुष्मान कार्ड के कारण इलाज हो गया। इससे मुझे बहुत सहायता मिली। इसी तरह महिला समूह के ज्ञान बाई ने बताया कि उनका समूह 3 लाख लोन लेकर टेंट, सब्जी बाड़ी का अपना काम शुरू किया। आज वे स्वावलंबी है। उषाबाई ने बताया कि जब से उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस मिला है तब से जल्दी खाना बन जाता है। अब धुएं से मुक्ति मिली। इसी तरह उन्होंने ग्राम कनेकेरा व अछोला में भी हितग्राहियों से चर्चा की। शाह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी शिविर के संबंध में जानकारी ली।

# सिरपुर में सम्राट अशोक क्लब ने मनाई राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के हृदय स्थल सिरपुर में

- पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सवित्री बाई फूले के योगदान को किया याद





महानदी के तट पर राष्ट्रसमर्पित संगठन सम्राट अशोक क्लब द्वारा राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि सम्राट अशोक क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर दीनानाथ मौर्य ने महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर हिस्सा लेने को कहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर केशव मान शाक्य जो नेपाल से आये थे उन्होंने भारत व नेपाल के रिश्ते में कड़ी के रुप में तथागत बुद्ध के उपदेशों को इंगित किया। नेपाल से आए डॉक्टर वीर बहादुर महतो ने अशोक महान को दुनिया के वर्तमान समय के 13 देशों का राजा बताया। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह आईपीएस द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में सवित्री बाई फूले के योगदान व जनमानस में शिक्षा की आवश्यकता को परिभाषित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों रायगढ़, बलौदाबाजार, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, अंबिकापुर, पेंड्रा मरवाही, चांपा, जांजगीर, बलौदा बाजार भाटापारा, बालोद समेत छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से लोग पहुंचे। एक झांकी भी निकाली गयी। जिसमें भारत का राष्ट्रीय प्रतिक चिन्ह सम्राट अशोक महान का राज चिन्ह लोग अपने सिर पर धारण कर चल रहे थे। विश्व शांति और शिक्षा के परिपेक्ष में इस कांफ्रेंस के माध्यम से विद्वानों, इतिहासकारों ने शिक्षा व विश्वशांति का संदेश दिया। जिसकी अध्यक्षता सम्राट अशोक क्लब के प्रदेश अध्यक्ष जीवनदीप सिंह ने की। उन्होंने बुद्ध के सिरपुर आने की प्रमाणिकता सिद्ध किया। जिसमें प्रदेश महासचिव राजेश्वर सिह, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामउग्रह मौर्य, छोटेलाल कुशवाहा, जमुना मेहता, डा अरुन्जय, दिनेश, ऋषिकेश, बृजकिशोर मेहता इत्यादि उपस्थित रहे।

# कृषक नेत्र शिविर के लिए तैयारी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कृषक नेत्र शिविर एवं कल्याण समिति अवराड़बरी खल्लारी द्वारा 37वें वर्ष नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद आपरेशन का आयोजन विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी आयोजित करने का सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। समिति सचिव कुबेर गिरि गोस्वामी ने बताया कि विगत 36 वर्षों से एक निश्चित तिथि 21 व 22 जनवरी को अंतिम नेत्र परीक्षण व आपरेशन निःशुल्क लगभग दस हजार नेत्र आपरेशन व लेंश प्रत्यारोपण कर चुकी है, जो अवराड़बरी बागबाहरा, महासमुन्द व रायपुर में केम्प लगाकर करती आई है। इस वर्ष भी महासमुंद व रायपुर भेजकर आपरेशन कराने की तैयारी दिसम्बर व जनवरी के प्रति रविवार विश्राम गृह अवराड़बरी में की जा रही है। जिनकी उम्र 40 से ऊपर और उनकी आंख सम्बन्धी कोई परेशानी हो जैसे वस्तु का स्पष्ट न दिखने, आंख में जाला होना, पुतली सफेद होना पाया जाता है तथा आपरेशन की इच्छुक होने पर बागबाहरा ब्लाक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अपना नेत्र परीक्षण कराकर 21जनवरी को प्रातः 10 बजे अपने परिवार के किसी सदस्यों के साथ तीन दिन के लिए अपने दैनिक उपयोग सामग्री लेकर अवराड़बरी विश्राम गृह आ सकते हैं। अंतिम नेत्र परीक्षण अरविंदो नेत्र चिकित्सालय रायपुर टीम से कराने पर मोतियाबिंद आपरेशन योग्य होने पर आपको रायपुर अरविंदो नेत्र चिकित्सालय में किया जाएगा। अवराड़बरी से रायपुर आवागमन, भोजन, आवास, आपरेशन, चश्मा व दवाई निःशुल्क रहेगा। बैठक में डॉ थान सिंह चंद्राकर, डॉ ज्ञान सिंह साहू, कुबेर गिरि गोस्वामी, डॉ आर बेपारी, मोहित चंद्राकर, संजय चंद्राकर, नारायण लाल साहू, भूषण लाल साहू, तोषण लाल साहू, आरएस बर्गति, राजकिशोर अग्रवाल आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी।



# महासमुंद विधानसभा के धान खरीदी केंद्रों में कांग्रेस की निगरानी समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार महासमुंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा रश्मि चन्द्राकर द्वारा महासमुंद विधानसभा अंतर्गत संचालित समस्त धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समिति गठित की है। उक्त समिति का उद्देश्य धान खरीदी के दौरान किसानों को सहयोग करने तथा सुविधा पंहुचाने की रहेगी। धान बेचने से लेकर भुगतान प्राप्त करने तक किसान की कोई तकनीकी समस्या आने पर निगरानी समिति के सदस्य किसान को आ रही समस्या को दूर करने में सहयोग करेंगे। प्रत्येक धान खरीदी केन्द्र में निगरानी समिति में 2 सदस्यों को नियुक्त किया गया है।

गठित समिति के सदस्यों धान खरीदी केंद्र बरोन्डाबाजार-किशन देवांगन मचेवा, संतोष साहू लाफिनखुर्द, बम्हनी-सोहन महतो, प्रेम गायकवाड़, झालखम्हरिया-मोती साहू मोंगरा, हरीकृष्ण भार्गव झालखम्हरिया, शेर-कोमल ध्रुव, सोहन साहू, खट्टी-हुलास गिरि गोस्वामी लभराकला, जीवराखन निषाद खट्टी, परसदा (ख)-चमन सिन्हा परसदा (ख), तोरण ध्रुव जीवतरा, सिंघी-हुमन दिवान नायकबांधा, पूनम चन्द्राकर सिंघी, पीटियाझर-प्रह्लाद ध्रुव सोरिद, खिलावन बघेल महासमुंद, बेमचा-चेतन चन्द्राकर, देवेन्द्र चन्द्राकर, तुमगांव-जितेंद्र यादव, कपिल साहू, मालीडीह-आनंद पटेल, मोहन चन्द्राकर, भोरिंग-अश्वनी गीलहरे, संतोष साहू, बेलटुकरी-ढेलु निषाद अछोली, संतोष धीवर बेलटुकरी, बिरकोनी-बलराम पटेल बिरकोनी, लिखित यादव बरबसपुर, बड़गांव-शिव पटेल अछरीडीह, ऋषि चक्रधारी बडगांव, कांपा-भुनेश्वर ध्रुव मुस्की, गणेश बंजारे कांपा, बेलसोंडा-गंगाप्रसाद तारक नांदगांव, सोहन यादव बेलसोंडा, अछोला-लाहरी सिंह ठाकुर, योगेश यादव, जोबा-सतीश सोनकर गढसिवनी, चेतन साहू जोबा, जलकी-केशव चौधरी जलकी, बीसहिया ध्रुव, लहंगर-राधे सिन्हा लहंगर, संतोष चन्द्राकर पीढी, सिरपुर-गजाधर धीवर सेनकपट, दीनदयाल साहू बोरिद, पटवा- खोम सिन्हा पटेवा, गणेश निषाद खट्टा, बनपचरी-कमलनारायण चन्द्राकर बनपचरी, संतोष ध्रुव बरेकेल, सालिहाभाठा-डेरहाराम दीवान सालिहाभाठा, आनंद ध्रुव तोरला, बावनकेरा-द्रोण चन्द्राकर बावनकेरा, अरूण पटेल चौकबेड़ा, रायतुम- रूपकुमारी ध्रुव सिनोधा, रमन ठाकुर रायतुम, झलप-लम्केश्वर साहू टूरीडीह, आलोक नायक झलप, सरेकेल-रामजी ध्रुव सरेकेल, लखन ध्रुव कुरूभांटा, सरायपाली-डागाराम साहू भटगांव, कुलेश्वर दीवान भटगांव, नरतोरा-राजेन्द्र दीवान, मयाराम टंडन शामिल है।

समिति गठन होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा रश्मि ने कहा कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से जब भी कांग्रेस की सरकार रही है, किसानों के हित में जमकर काम हुआ है। ठीक उसी प्रकार आगे भी हम किसानों के हित में काम करते रहेंगे। निगरानी समिति के माध्यम से आज भी किसान के हित में काम करेंगे, यह कांग्रेस पार्टी का संकल्प है। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल जैन ने दी।

# जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम लाफिनखुर्द, लाफिनकला, भलेसर व कनेकरा, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लमकेनी, बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत जगत, सरायपाली में कनकेवा, पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम अरण्ड पहुंची। यहां शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी और लाभ दिया गया। ग्राम कनेकेरा में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, ग्राम पंचायत जगत में बसना विधायक सम्पत अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं ग्राम लमकेनी में पूर्व सांसद चंदू लाल साहू, जनपद अध्यक्ष बागबाहरा स्मिता हितेश चंद्राकर, अलका चंद्राकर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। शिविर में अतिथियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही हितग्राहियों से चर्चा कर शासन से मिल रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अतिथियों ने स्टॉल का अवलोकन करते हुए बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। अपने उद्बोधन में शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। शिविर में मोदी सरकार की गारंटी वाली प्रचार रथ से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है। शिविर में आए गए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जांच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर मंडल संयोजकों की हुई बैठक

## बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा को और वृहद बनाने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डा. विमल चोपड़ा की अध्यक्षता में पार्टी के समस्त विकसित भारत अभियान के तहत दायित्व वहन कर रहे मंडल संयोजकों की बैठक रेस्ट हाउस पिथौरा में हुई। जिसमें समस्त संयोजकों ने एक स्वर में मोदी सरकार के इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताते हुए जनता के बीच गंभीरता पूर्वक कार्यक्रम को ले जाने पर सहमति व्यक्त की। प्रभारियों ने कहा कि कांग्रेस के कुप्रचार का जवाब ये यात्रा मजबूती से दे सकती है। इसके लिए शासन-प्रशासन के साथ भाजपा संगठन को अपनी महती भूमिका का निर्वहन करना है।

दिल्ली से जहां शासकीय तौर पर इन यात्राओं की निगरानी हो रही है। वहीं, भाजपा कार्यालय दिल्ली से भी संयोजकों से प्रतिदिन पूछताछ हो रही है। मंडल संयोजकों की बैठक के दौरान कुछ लोगों ने शिकायत करते हुए कहा कि अभी भी कांग्रेसी मानसिकता के कुछ अधिकारी इन शिविरों में कांग्रेस के पदाधिकारियों को महत्व दे रहे हैं। वहीं, कुछ स्थानों पर इन शिविरों के नोडल अधिकारी ही गायब मिल रहे हैं। जिससे जनता की समस्याओं के निराकरण में काफी कठिनाई हो रही है। कुछ मंडल संयोजकों ने इस बात की शिकातय भी कि कि जनपद सीईओ उन्हें मांगी गई जानकारी एवं शिविर के स्थानों की जानकारी पूछने पर भी नहीं बताते। साथ ही कुछ शासकीय विभाग के स्टाल भी नहीं लग रहे हैं।



उपस्थित समस्त लोगों ने इस बात पर भारी नाराजगी व्यक्त की, कि दिल्ली से संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी के प्रवास की जानकारी जिला नोडल अधिकारी द्वारा शासन द्वारा नियुक्त जिला संयोजकों को नहीं दी गयी। जिससे इन शिविरों के लाभ एवं कमियों के संबंध में उन तक बात नहीं पहुंचायी जा सकी। समस्त मंडल संयोजकों ने इस आयोजन में पार्टी की पूरी ताकत लगाने का संकल्प लिया एवं आम लोगों की उपस्थित संख्या पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और ज्यादा वृहद बनाने हेतु पार्टी के परिश्रम की आवश्यकता बताई। बैठक में रमेश अग्रवाल बसना, प्रीतम साहू पिथौरा, सतपाल सिंह सदस्य प्रदेश किसान मोर्चा, मथामनी बढ़ाई उपाध्यक्ष जिला किसान मोर्चा, राजेश विशाल, छबीराम पटेल, सुरेंद्र सह, डॉ. नीलकंठ साहू, मनमीत सिंग छाबड़ा, राजकुमार पटेल, माधव साव, जितेंद्र त्रिपाठी, धरम पटेल मंडल अध्यक्ष झलप पटेवा, नरेश सिंघल, सम्मी सलूजा आदि मंडल संयोजकगण उपस्थित थे।

# अक्षत कलश पहुंचने पर कोसरंगी में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कोसरंगी में अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्र, नवनिर्मित मंदिर का छायाचित्र का ग्राम कोसरंगी पहुंचने पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति के संयोजक, सहसंयोजक के सदस्यों एवं ग्राम पंचायत के सरपंच के नेतृत्व में ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत पूजा अर्चना एवं आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा कर गाजे बाजे के साथ किया गया।



अक्षत कलश को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। अक्षत कलश का ग्राम कोसरंगी में प्रत्येक घर रंगोली बनाकर दीप जलाकर पूजा अर्चना की गई। भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन करते हुए कलश के आगे आगे चल रहे थे। अयोध्या धाम में बनकर तैयार भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में भगवान का प्राण प्रतिष्ठा होगा। रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के दिन को भव्य बनाने भजन मंडली द्वारा गांव में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। पूजित अक्षत, राम भगवान की फोटो तथा आमंत्रण पत्र का वितरण राम भक्त सनातन धर्मियों द्वारा घर-घर किया जा रहा है। 22 जनवरी को कोसरंगी के जनमानस द्वारा दीपदान का कार्यक्रम भी रखा गया है। मुख्य कार्यक्रम के दिन पूरे दिनभर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। उक्त तिथि को उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोसरंगी के सरपंच उमा सुरेश साहू, ठाकुर राम साहू, सोहनलाल साहू, राजेंद्र गिरी गोस्वामी, घसियाराम साहू, चंदन साहू, कार्तिक राम साहू, सुरेश कुमार साहू, अर्जुन गिरी गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने किया वन मंडल का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)




वन विभाग के अंतर्गत कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के बेनर तले पांच सूत्रीय मांगों को लेकर वन मंडल एवं मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी कार्यालय रायपुर का घेराव किया गया। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण एवं स्थायीकरण किया जाए, लंबित वेतन सहित प्रतिमाह के 05 तारिक तक वेतन भुगतान किया जाए, 01.01.2018 के बाद लगाए गए श्रमिकों को हटाया जाए, प्रतिमाह दैनिक वेतन भोगी, वाहन चालक, कार्यालय सहायक, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिकों को 4,000 रुपए श्रम सम्मान राशि भुगतान किया जाएं एवं सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों को पुनः संविदा नियुक्ति प्रदान किया गया है जिसे तत्काल प्रभाव से निरस्त कर उन लोगों को हटाया जाना चाहिए। मंत्रालय एवं अन्य कार्यालय में पानी पिलाने वाले को भी डाटा एन्ट्री आपरेटर का 17255 रुपए का वेतन भुगतान किया जा रहा है जिस पर रोक लगाया जाएं, वर्तमान सरकार 100 दिन के भीतर नियमितीकरण का निर्णय ले। इन सभी मांगों को लेकर वन मंडल कार्यालय रायपुर एवं मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी कार्यालय का घेराव किया गया। जोर शोर से नाराबाजी करते हुए सबसे पहले मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी कार्यालय का घेराव किया गया।

मुख्य वन संरक्षक ने समस्त आंदोलनरत कर्मचारियों के समझ उपस्थित हुआ। अधिकारी के समक्ष प्रदेश महामंत्री रामकुमार सिन्हा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शोभाराम ध्रुव, जिला सचिव अजय गुप्ता ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के समस्या रखा कि प्रतिमाह वेतन भुगतान किया जाए, 4,000 रुपए श्रम सम्मान दिया जाए, बलौदाबाजार के बारनवापारा वन परिक्षेत्र के लिये बजट उपलब्ध कराया जाए, जंगल सफारी के वाहन चालकों को वर्दी दिया जाए। इन मांगों पर मुख्य वन संरक्षक ने बताया कि लंबित वेतन भुगतान जल्द कराएंगे, बारनवापारा को भी जल्द बजट उपलब्ध कराएंगें। 4,000 रुपए श्रम सम्मान राशि के लिए वरिष्ठ कार्यालय से बजट की मांग की गई है। बजट आते ही तत्काल भुगतान किया जाएगा। जंगल सफारी के दैनिक वेतन भोगी वाहन चालकों को वर्दी जल्द प्रदाय किया जाएगा। वहीं वन मंडलाधिकारी रायपुर द्वारा भी पांचों बिन्दुओं पर तत्काल पहल किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जनक लाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा, प्रदेश सलाहकार तुलसीकृत डोंगरे, प्रदेश महामंत्री रामकुमार सिन्हा, जिला सचिव अजय गुप्ता, राधेश्याम वर्मा, शीतल वर्मा, जमुना बाई साहू, सोमती देवांगन, आशा कुर्रे, खुशबू माधुरी ध्रुव, गोरी बाई निर्मलकर, गीता बाई टांडी, अमित ठाकुर, लक्ष्मी साहू, जागेश्वर सिन्हा, पूनम साहू, नविन झा, नरोत्तम सिन्हा, कांती, अनिता, आशा कुर्रे, महेश्वरी चौबे, कोमल साहू, मिथलेश साहू, नविन पुरैना, दीपक सिन्हा, घनश्याम जांगड़े, राधेश्याम, तिरथ साहू, घम्मन साहू, खोमलाल निषाद, नेमीचंद यादव, भूपेन्द्र सिंह, सत्यवान निर्मलकर, परमिला ध्रुव, अमर साहू, दिलीप निर्मलकर, मधु राजपूत, जितेन्द्र साहू, अर्जुन पैकरा, दीनू साहू, सतरूपा, सरस्वती, समारू, भोला, महेश निषाद, दिलीप एवं लगभग 400 सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रति व्यक्ति सीमा अनुसार मदिरा का विक्रय करने के निर्देश

**महासमुंद।** जिले की समस्त मदिरा दुकानों का संचालन सार्वजनिक उपक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट एजेंसी (मेन पावर) के द्वारा उपलब्ध कराए गए कर्मचारियों के माध्यम से मदिरा का विक्रय कराया जाता है। उन्होंने सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उपनिरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा है कि अपने प्रभार क्षेत्र की मदिरा दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित प्रति व्यक्ति सीमा अनुसार मदिरा का विक्रय किए जाने के लिए मदिरा दुकान के कर्मचारियों को निर्देश दें तथा उक्त संबंध में सतत निगरानी रखें व अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करें।

## निधन

### श्यामलाल कन्नौजे



**महासमुंद।** स्थानीय गुडरूपारा वार्ड क्रमांक 27 निवासी श्यामलाल कन्नौजे 66 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गजानंद, निलाम्बर, अजय कन्नौजे के पिता व नरेंद्र, गजेंद्र, भोला, छगन, गोलू कन्नौजे के बड़े पापा थे।

### सुरजा बाई साहू



**महासमुंद।** ग्राम कांपा निवासी सुरजा बाई साहू का 3 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कांपा में किया गया। वे केजूराम साहू की धर्मपत्नी तथा बालाराम, प्रताप , सोनूराम, रामजी एवं नारायण साहू (सचिव) की माता थी।

## शहरी क्षेत्र में 18 को पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा, तैयारियों को लेकर नपा सीएमओ से चर्चा

**महासमुंद।** आगामी 18 जनवरी को महासमुंद शहरी क्षेत्र में पहुंचने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर यात्रा के शहर प्रभारी मोहन साहू, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा व पार्षद देवीचंद राठी, सासंद प्रतिनिधि पवन साहू, विधानसभा सोशल मीडिया सह संयोजक भाजपा जगन्नाथ छुरा, युवा नेता शुभम पांडे, डेविड तांडी द्वारा नगर पालिका कार्यालय में मुख्य नगर पालिक अधिकारी टामसन रात्रे से मुलाकात की। और संकल्प यात्रा पर चर्चा की। संकल्प यात्रा शहर प्रभारी मोहन साहू, पार्षद देवीचंद राठी, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू से चर्चा के दौरान बताया कि आगामी 18 जनवरी को पहले संकल्प यात्रा सुबह 10 बजे से 2 बजे तक हाईस्कूल प्रागंण में पहुंचेगी। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक नयापारा क्षेत्र के अम्बेडकर स्कूल में यात्रा पहुंचेगी। भाजपाइयों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने से पहले शहर के सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाकर सफाई करवाएं। साथ ही वार्डों में वाहनों की सहायता से संकल्प यात्रा की जानकारी का प्रचार प्रसार करें। ताकि, आम जनता संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंच सके और केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के योजनाओं की जानकारी ले सकें।

## सेवानिवृत्त होने पर डा अलका को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला चिकित्सालय परिवार की ओर से विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ अलका परदल को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के फल स्वरूप 31 दिसंबर 2023 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित करते हुए उनके सेवा अवधि के उपलब्धियों को याद किया गया तथा उनके समर्पण भावों को याद कर पूरा समारोह भावभीन हो गया।

डॉ अलका परदल का जन्म 21 दिसंबर 1958 को हुआ था। उनकी पढ़ाई राजस्थान में पूरी हुई। उनका विवाह डॉ राकेश परदल सेवानिवृत सीएमएचओ महासमुंद के साथ संपन्न होने के पश्चात वो छग आई तथा उनकी पहली नियुक्ति पीएचसी गरियाबंद में 1987 को हुई। उस दौरान उन्होंने सिविल डिस्पेंसरी नवापारा राजिम में भी अपनी सेवाएं दी। अगस्त 1988 से वो महासमुंद में अपनी सेवाएं देते आ रही है, जो कि पहले पीएचसी था। बाद में सीएचसी हुआ। फिर जिला हॉस्पिटल बना और आज वो मेडिकल कॉलेज बन चुका है। कार्यक्रम में उनके पति डॉ राकेश परदल, पुत्र डॉ नमन परदल, डॉ बसंत माहेश्वरी एमएस, डॉ गिरधारी लाल चन्द्राकर, डॉ एनआर सचदेव, डॉ अरविंद गुप्ता, डॉ एलएस प्रसाद, डॉ गरिमा सोलंकी, डॉ छत्रपाल चंद्राकर, डॉ घनश्याम साहू, डॉ अनिल गोरियार, डॉ यशोदा मिर्धा, डॉ मंजूषा चन्द्रसेन, डॉ चंचल लहरी, डॉ चंद्रशेखर साहू, डॉ कुलवंत अजमानी, लोकेश पटेल, पंकज साहू, प्रणय खरे, प्रेम पांडेय, चिरंजीवी मानिकपुरी, भागवत चंद्राकर, सुनील देवदास, विनोद महोबिया, किशन चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, संतोष पचौरी, प्रवीण नागदेवे, कमल ध्रुव, राजेश कुमार, राजेंद्र चंद्राकर, बारलो सिस्टर, कविता पूरी, सीमा साहू, उषा साहू, सरस्वती साहू, पूर्णिमा साहू, खिलेश्वर चंद्राकर, मोहरदास बंजारे एवं चिकित्सालय परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे।







